

# अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस

08 सितम्बर, 2017

## अतिथि व्याख्यान

राष्ट्रीय सेवा योजना
दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर।



आज दिनांक 08.09.2017 को प्रातः 11.00 बजे दिग्विजयनाथ पी.जी. कालेज, गोरखपुर के संवाद कक्ष में अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानन्द के साक्षरता मिशन पर प्रकाश डालने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना एवं विवेकानन्द केन्द्र द्वारा एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसकी मुख्य वक्ता माननीय राधा दीदी, समाज सेविका, विवेकानन्द केन्द्र, कन्याकुमारी थी। राधा दीदी ने विवेकानन्द जी के प्रेरणादायी व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवक/स्वयंसेविकाओं को अपने व्यवसायी उद्देश्यों के साथ ही अपने मानवीय उद्देश्यों को भी तय करने की बात कही ताकि अपने पारिवारिक जिम्मेदारी के साथ ही अपने सामाजिक जिम्मेदारियों का भी निर्वहन किया जा सके। उन्होंने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए यह कहा की अगर समाज में कुछ अच्छा करने की चाह आप में है तो आप अकेले ही इसकी शुरूआत कर सकते हैं।

इसी कड़ी में अध्यक्षीय उद्बोधन में बोलते हुए प्रो. विनोद सोलंकी, पूर्व अध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग, दी.द.उ. गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर जी ने स्वामी जी के एक विचार पर चर्चा की जिसमें स्वामी जी ने कहा था कि हर मानव के अन्दर एक शक्ति निहित है जिससे वह व्यक्ति समाज हित में कोई भी कार्य कर सकता है।

आभार ज्ञापन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने एवं कार्यक्रम का संचालन विवेकानन्द केन्द्र से पधारे श्री कृष्णमुरारी शुक्ल जी ने किया।

इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कमलेश कुमार मौर्य, डॉ. रविन्द्र कुमार, श्री पवन कुमार पाण्डेय तथा महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. वीणा गोपाल मिश्रा, डॉ. राजशरण शाही, श्री अभिषेक पाण्डेय एवं विवेकानन्द केन्द्र से आये श्री अश्वनी जी, श्री शिवपूजन जी सहित भारी संख्या में स्वयंसेवक/स्वयंसेविकाएँ उपस्थित थे।









